IFCI LIMITED
आई एफ सी आई लिमिटेड
(A Government of India Undertaking)
(भारत सरकार का उपक्रम)

No. IFCI/CS/2019-822

October 04, 2019

**BSE Limited**
Department of Corporate Services
Phiroze JeeJeebhoy Tower
Dalal Street, Fort
Mumbai – 400 001

**CODE: 500106**

Dear Sir/Madam,

**Subject: Notice to Shareholders – Newspaper Publication**

Pursuant to the provisions of Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the Newspaper Publication regarding 'Notice to Shareholders' for the 26th Annual General Meeting of the Company scheduled to be held on October 30, 2019.

The newspaper publication is also available on the website of the Company at www.ifciltd.com and of the agency providing the remote e-voting facility i.e. Central Depository Services (India) Limited at www.evotingindia.com

This is for your information and record.

Thanking you

For **IFCI Limited**

**(Rupa Sarkar)**
Company Secretary

Encl.: As above

ENCLOSURE

IFCI LIMITED
आई एफ सी आई लिमिटेड
(A Government of India Undertaking)

**Registered Office:** IFCI Tower, 61 Nehru Place
New Delhi-110 019
CIN: L74899DL1993GOI053677
Tel: 011-41732000 Fax: 011-26230201
Email: complianceofficer@ifciltd.com
Website: www.ifciltd.com

## NOTICE TO SHAREHOLDERS

Notice is hereby given that the Twenty Sixth (26th) Annual General Meeting (AGM) of the Members of the Company will be held on **Wednesday, October 30, 2019 at 10:30 A.M.** at Auditorium, 1st Floor, IFCI Tower, 61 Nehru Place, New Delhi-110019, for the items of business to be transacted at the 26th AGM.

The Annual Report including the Notice calling 26th AGM has been sent in electronic mode to Members whose e-mail IDs are registered with their Depository Participant(s)/Company/R&TA, unless the Members have registered their request for a hard copy of the same. Physical copy of the Annual Report has been sent to those Members who have not registered their e-mail IDs with the Company/R&TA/Depository Participant(s). The Annual Report including Notice Calling 26th AGM has been dispatched in time and is available on the website of the Company i.e. **www.ifciltd.com.**

The Notice calling AGM is also available on the website of Central Depository Services (India) Limited (CDSL) i.e. **www.evotingindia.com**, CDSL being the agency appointed for providing e-voting facility. Members may also download Annual Report from the Company's website or may request for a copy of the same by writing to the Company Secretary at the registered office address of the Company. The documents pertaining to the items of the business to be transacted at the 26th AGM are open for inspection at the registered office of the Company on all working days except Saturdays, Sundays and Holidays, between 11:00 A.M. to 01:00 P.M. upto the date of this AGM.

Pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 read with Rule 10 of Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and other applicable provisions/Regulations, as applicable, the Register of Members and the Share Transfer Books of the Company shall remain closed from Thursday, October 24, 2019 to Wednesday, October 30, 2019 (both days inclusive) for the purpose of the 26th AGM of the Company.

Pursuant to Section 108 of Companies Act, 2013 read with Rule 20 of Companies (Management and Administration) Rules, 2014 (as amended) and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company is providing to its Members facility to cast their votes by electronic voting system from a place other than the venue of the Meeting (remote e-voting) on all the resolutions placed before the shareholders at the AGM. Kindly refer to the Notice of the AGM with regard to instruction for e-voting. The remote e-voting period commences on Sunday, October 27, 2019 at 9:00 A.M. (IST) and ends on Tuesday, October 29, 2019 at 5:00 P.M. (IST). The E-voting module shall be disabled by the CDSL thereafter. Please note that any person who acquires shares of the Company and becomes Member of the Company after dispatch of Notice, may obtain login ID and Password for remote e-voting by following the procedures as mentioned in the Notice calling the 26th AGM.

The cut-off date for the purpose of remote e-voting has been fixed for Wednesday, October 23, 2019. Those Members holding shares either in physical or demat mode as on the cut-off date only are entitled to vote through remote e-voting or voting at the Meeting.

The facility for voting through Ballot paper shall be made available at the AGM and the Members attending the Meeting who have not cast their vote by remote e-voting shall be able to excercise their right at the Meeting through Ballot paper. The Members who have cast their vote by remote e-voting may attend the Meeting but shall not be entitled to cast their vote again.

In case of any query/ grievance(s) connected with the electronic voting, Members may contact Shri Rakesh Dalvi, Manager, Central Depository Services (India) Ltd., A wing, 25th Floor, Marathon Futurex, Mafatlal Mills Compound, N. M. Joshi Marg, Lower Parel (E), Mumbai-400013 at Toll free No. **1800225533** or may write an e-mail to **helpdesk.evoting@cdslindia.com**

For IFCI Ltd.
Sd/-
(Rupa Sarkar)
Company Secretary

**Place: New Delhi**
**Date: October 4, 2019**

Size: 8x24 cms

आईएफसीआई लिमिटेड
IFCI Tower
61, Nehru Place
New Delhi-19
IFCI LTD.
A Govt. of India Undertaking

**IFCI LIMITED**
आई एफ सी आई लिमिटेड
(A Government of India Undertaking)
(भारत सरकार का उपक्रम)

पंजीकृत कार्यालय: आईएफसीआई टावर, 61 नेहरु प्लेस
नई दिल्ली-110019
सीआईएन: L74899DL1993GOI053677
फोन: 011-41732000 फैक्स: 011-26230201
ई–मेल: complianceofficer@ifciltd.com
वेबसाइट: www.ifciltd.com

# शेयरधारकों को सूचना

एतद्‌द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की छब्बीसवीं (26वीं) वार्षिक महासभा बुधवार, **दिनांक 30 अक्तूबर, 2019 को प्रातः 10:30 बजे** समागार, पहली मंजिल, आईएफसीआई टावर, 61 नेहरु प्लेस, नई दिल्ली – 110019 में होगी, जिसमें 26वीं वार्षिक महासभा की कारोबार मदों पर संव्यवहार किया जाएगा ।

26वीं वार्षिक महासभा के आयोजन के नोटिस सहित वार्षिक रिपोर्ट उन सदस्यों को इलेक्ट्रोनिक माध्यम से भेज दी गई है जिनके ई– मेल आईडी उनके डिपाजिटरी भागीदार (भागीदारों) / कम्पनी / रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट के पास पंजीकृत हैं, बशर्ते कि सदस्यों ने वार्षिक रिपोर्ट की प्रति भौतिक रूप से प्राप्त करने के लिए अपना अनुरोध पंजीकृत न कराया हो । वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति उन सदस्यों को भेज दी गई है, जिन्होंने अपनी ई–मेल आईडी कम्पनी / रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट / डिपाजिटरी भागीदार (भागीदारों) के पास पंजीकृत नहीं कराई है। 26वीं वार्षिक महासभा के आयोजन के नोटिस सहित वार्षिक रिपोर्ट समय पर भेज दी गई है और यह कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् **www.ifciltd.com** पर उपलब्ध है ।

वार्षिक महासभा के आयोजन का नोटिस सेन्ट्रल डिपाजिटरी सर्विसिज (इण्डिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट अर्थात् **www.evotingindia.com** पर भी उपलब्ध है। सीडीएसएल को ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है। सदस्य वार्षिक रिपोर्ट की प्रति कम्पनी की वेबसाइट से भी डाउनलोड कर सकते हैं अथवा इसकी प्रति के लिए कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के पते पर कम्पनी सचिव को लिखित अनुरोध कर सकते हैं। 26वीं वार्षिक महासभा में संव्यवहार की जाने वाली कारोबार की मदों से सम्बन्धित प्रलेख कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में वार्षिक महासभा की तारीख तक सभी कार्य–दिवसों को, शनिवार, रविवार तथा अवकाश को छोड़कर, प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं ।

कम्पनी (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और लागू अन्य उपबन्धों / नियमों, जैसा भी लागू हो, के अनुसरण में, कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर अन्तरण बहियां कम्पनी की 26वीं वार्षिक महासभा के उद्देश्य से बृहस्पतिवार, दिनांक 24 अक्तूबर, 2019 से बुधवार, दिनांक 30 अक्तूबर, 2019 (दोनों दिनों सहित) तक बंद रहेंगी ।

कम्पनी (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियम, 2014 (यथासंशोधित) के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और सेबी (सूचीकरण दायित्व व प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 के अनुसरण में, कम्पनी अपने सदस्यों को वार्षिक महासभा में शेयरधारकों के समक्ष रखे गए सभी संकल्पों के लिए बैठक के स्थान से भिन्न किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रोनिक वोटिंग सिस्टम (रिमोट ई–वोटिंग) द्वारा अपना वोट देने की सुविधा प्रदान कर रही है। कृपया ई–वोटिंग के अनुदेशों के लिए वार्षिक महासभा के नोटिस को देखें। रिमोट ई–वोटिंग रविवार, 27 अक्तूबर, 2019 को प्रातः 9:00 बजे (आईएसटी) से आरम्भ होगी और मंगलवार, 29 अक्तूबर, 2019 को सायं 5:00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी । तत्पश्चात् सीडीएसएल द्वारा ई–वोटिंग मॉडयूल बंद कर दिया जाएगा । कृपया नोट करें कि यदि कोई व्यक्ति सूचना के प्रेषण के बाद कम्पनी के शेयर खरीदता है और कम्पनी का सदस्य बनता है तो वह 26वीं वार्षिक महासभा के नोटिस में यथानिर्दिष्ट कार्य–विधि का अनुपालन करते हुए रिमोट ई–वोटिंग के लिए लॉग–इन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है ।

रिमोट ई–वोटिंग के उद्देश्य से कट–ऑफ तारीख बुधवार, 23 अक्तूबर, 2019 निर्धारित की गई है । जिन सदस्यों के पास कट–ऑफ तारीख के अनुसार भौतिक रूप से या डीमैट रूप से शेयर हैं, केवल वे अपने वोट रिमोट ई–वोटिंग से या बैठक में मतदान करने के पात्र होंगे ।

वार्षिक महासभा में मत–पत्र द्वारा वोट देने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों, जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं दिया है, वे बैठक में मत–पत्र द्वारा अपने अधिकार का प्रयोग कर सकेंगे । जिन सदस्यों ने अपना वोट रिमोट ई–वोटिंग द्वारा दिया है, वे बैठक में भाग तो ले सकेंगे लेकिन अपना वोट पुनः डालने के पात्र नहीं होंगे ।

इलेक्ट्रोनिक वोटिंग के सम्बन्ध में किसी पूछताछ / शिकायत (तों) के मामले में सदस्य श्री राकेश दलवी, प्रबन्धक, सेन्ट्रल डिपाजिटरी सर्विसिज (इण्डिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वां तल, मैराथान फ्यूचरैक्स, मफतलाल मिल्स कम्पाउंड, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट), मुम्बई – 400013 से टोल फ्री नं. 1800 225 533 से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर ई–मेल भेज सकते हैं ।

आईएफसीआई लिमिटेड के लिए
ह./–
(रूपा सरकार)
कम्पनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 4 अक्तूबर, 2019

**Size: 8x24 cms**

आईएफसीआई लि०/IFCI LTD.
आईएफसीआई टावर
IFCI Tower
61, नेहरू प्लेस
New Delhi-19
(भारत सरकार का उपक्रम / A Govt. of India Undertaking)